हरिभूमि
# कटनी भूमि
5
जबलपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024
login : www.haribhoomi.com
कैमोर | उमरियापान | बहोरीबंद | स्लीमनाबाद | विजयराघवगढ़ | बिलहरी | बड़वारा | रीठी | बरही | ढीमरखेड़ा

**खबर संक्षेप**

### अनियंत्रित वाहन पलटने से एक युवक की मौत

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा में बारात की विदा कराकर लौट रही एक बुलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार एक 21 वर्षीय फोटोग्राफर की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम बोरी निवासी सुशील पिता रामू पाल पेशे से फोटोग्राफर था। वह बीतीरात एक विवाह समारोह की फोटोग्राफी करने बारात के साथ रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा गया था। बताया जाता है कि सुबह बारात की विदा हुई तो सुशील भी बारातियों की एक बुलेरो जीप में सवार होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम भेड़ा के ही समीप तेज रफ्तार बुलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण सुशील की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बारात में शामिल एक अन्य युवक राघवेन्द्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस सुशील का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### पांचवी में 91.41 एवं आठवी में 89.36 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण

**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम मंगलवार 23 अप्रैल को घोषित किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि कक्षा 5वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं में जिले के 21 हजार 289 छात्र शामिल हुए थे। जिनमें से 19 हजार 460 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा। इनमें से 4हजार 651 छात्रों ने ए प्लस व ए ग्रेड हासिल किया है, इस प्रकार कुल 21.85 फीसदी छात्र ए प्लस एवं ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 5वीं के घोषित रिजल्ट में कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 33वा स्थान अर्जित किया है। जबकि कक्षा आठवी की परीक्षा में जिले के शामिल 20 हजार 352 छात्रों मे से 18 हजार 187 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 89.36 फीसदी है इनमे से 6 हजार 461 छात्र एप्लस तथा ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है इनका प्रतिशत 31.75 है। कक्षा 8वी के घोषित रिजल्ट मे कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 21वा स्थान अर्जित किया है।

### मतदान दलों को आज की जाएगी सामग्री वितरण

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को देखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर से आज गुरूवार की सुबह 6 बजे से मतदान दलों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन सहित मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके लिए करीब 900 शासकीय कर्मियों की तैनाती की गई है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री वितरण हेतु 23-23 काउंटर बनाए गए है। प्रत्येक काउंटर की व्यवस्था हेतु 10 कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। इस प्रकार 69 काउंटर में कुल 690 सामग्री वितरण कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाया गया है। सामग्री वितरण स्थल मे हर विधानसभा के लिए 4-4 हेल्प डेस्क के अलावा यहां पहुचने वाले मतदान दलों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य की दृष्टि से आपात व्यवस्था के नजरिये से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती भी की गई है। मतदान सामग्री वितरण से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को 25 अप्रैल को प्रातः 5:30 कृषि उपज मण्डी परिसर कटनी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### पीले चावल देकर मतदान करनें दिया बुलौआ

**कटनी।** बुधवार को जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों के घर- घर पहुंचकर पीले चावल देकर 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करनें का बुलौआ दिया गया।

## दोनों ही परीक्षा परिणामों के मामले में कटनी प्रदेश के टाप टेन जिलों में हुआ शामिल

# जिले की रेखा रेवारी प्रदेश की मैरिट लिस्ट में द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें कटनी जिले के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

कटनी जिले का इस साल का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में दोगुने से ज्यादा रहा। परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा छात्रों के लिए तैयार करायें गये मिशन -45 आधार बुकलेट और फाइनल -30 की वजह से बड़ी सफलता मिली है।

दसवीं की परीक्षा में कटनी की छात्रा रेखा रेवारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर ने सकारात्मक सोच और मेहनत के दम पर प्रदेश की मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल कर कटनी को गौरवान्वित किया है।



### जिले को मिली बड़ी कामयाबी

पिछले साल के परीक्षा परिणाम 35प्रतिशत से इस साल दोगुने से ज्यादा परीक्षा परिणाम बढ़ कर 71.12 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कटनी जिले ने बारहवीं के परीक्षा परिणाम के मामले में ऊंची छलांग लगाया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद, डीईओ और अन्य अधिकारियों ने एक -दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाईयां और शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर को मिल रही बधाईयॉ

बारहवीं और दसवीं कक्षा का बेहतर परीक्षा परिणाम आने के बाद पूरा जिला खुशी के जश्न में डूबा है। मिशन आधार बुकलेट की सफलता से बेहतर हुये परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद को जिले भर से छात्र, पालक, अभिभावक और शिक्षकों से बधाइयां मिल रही है।

परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए मिशन -45 और रैपिड फाइनल -30 के प्रणेता और सूत्रधार कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के परीक्षा परिणाम में दोगुने से ज्यादा की बढ़ोत्तरी का पूरा श्रेय शिक्षकों की अटूट मेहनत और छात्रों के परिश्रम को दिया है।

मिशन आधार -45 की शुरुआत 1 दिसंबर 2023 से की गई थी। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने स्कूल प्राचार्यों की बैठक लिया था और आधार बुकलेट की अवधारणा से अवगत कराया था। साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद स्वयं लगातार इसके प्रगति की निरंतर समीक्षा करते रहे और स्कूलों का नियमित भ्रमण कर शिक्षको और छात्रों का उत्साहवर्धन करते रहे।

### कटनी की ऊॅची छलांग

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा आज बुधवार को घोषित किए गए हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा के परिणामों में कटनी जिले ने पिछले साल की तुलना में बड़ी छलांग लगाया है।

दसवीं की पिछले साल के परीक्षा परिणाम में कटनी जिला जहां पूरे प्रदेश में 39 वें स्थान पर रहा , वहीं आज़ घोषित परिणाम में कटनी जिले की प्रदेश की रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है और कटनी जिला ऊंची छलांग लगाते हुए प्रदेश में 8 वें स्थान पर पहुंच गया है।

इसी प्रकार बारहवीं के परीक्षा परिणाम के मामले में पिछले साल कटनी जिला प्रदेश में 50 वें पायदान पर था। जिसमें गजब का सुधार देखने को मिला और इस साल के बारहवीं के परिणाम के मामले में कटनी जिला प्रदेश में 9 वें स्थान पर पहुंच गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शामिल दसवीं कक्षा की छात्रा रेखा रेवारी को मिठाई खिलाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके माता-पिता को भी मिठाई खिलाया और पुष्पहार से स्वागत किया।

### छात्रा को कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 10वी व 12वी की परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा मे सफल हुए सभी छात्रों के परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी छात्र कटनी जिले का स्वर्णिम भविष्य है।

### असफल छात्र न हो निराश

कलेक्टर ने कहा है कि जिन छात्रों के अंक परीक्षा में कम आये है या फिर किसी कारण से वे परीक्षा से असफल हो गए है उन्हे निराश और हताश होने की जरूरत नहीं है। कलेक्टर ने कहा कि बेसक असफलता निराश और दुखी करती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते। असफलता से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए असफल छात्र धैर्य और साहस बनाये रखें और कड़ी मेहनत कर इतिहास रच दें।

## जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह साढ़े पाँच बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट सुबह साढ़े पाँच बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

**हर विधानसभा के लिए लगाये जाएंगे 23 काउंटर**

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम एवं मतदान सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी पहरूआ में मतदान कर्मियों को सामग्री वितरण और निर्वाचन संपन्न कराकर वापस आने वाले मतदान कर्मियों की सामग्री जमा करने के लिए इस बार कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए कई इंतजाम किये गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बुधवार की देर शाम कृषि उपज मंडी पहुंचकर बड़वारा विधानसभा के स्ट्रांग रूम एवं 25 अप्रैल को सामग्री वितरण के दौरान मतदान कर्मियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि कृषि उपज मंडी परिसर से 25 अप्रैल की सुबह 6 बजे से मतदान दलों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन सहित मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके लिए करीब 900 शासकीय कर्मियों की तैनाती की गई है।

हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री वितरण हेतु 23-23 काउंटर बनाए गए है। प्रत्येक काउंटर की व्यवस्था हेतु 10 कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। इस प्रकार 69 काउंटर में कुल 690 सामग्री वितरण कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाया गया है। सामग्री वितरण स्थल मे हर विधानसभा के लिए 4-4 हेल्प डेस्क के अलावा यहां पहुचने वाले मतदान दलों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य की दृष्टि से आपात व्यवस्था के नजरिये से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती भी की गई है।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, सिविल सर्जन यशवंत वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग शारदा सिंह, ननि उपायुक्त पवन अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## रैली एवं पीले चावल देकर मतदान के लिए किया प्रेरित




खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु जिले भर में मतदाता जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर विकासखंड बहोरीबंद की स्व सहायता समूह की बहनों द्वारा घर घर जाकर पीले चावलों द्वारा मतदान हेतु आमंत्रण दिया गया। कुछ स्थानों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। बहोरीबंद सेक्टर में अधिकारियों कर्मचारियों और स्थानीय जागरूक मतदाताओं द्वारा साइकिल रैली निकाल कर मतदान करने का संदेश दिया गया। सारे काम छोड़कर मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूकता रैली, पीले चावलों द्वारा आमंत्रण, साइकिल रैली, फ्लेक्स बैनर और तख्तियों में लिखे नारों और स्लोगन एवं अन्य माध्यमों से मतदान करने का संदेश दियागया।

## मार्निंग वॉक के लिए निकली महिला से बाइक सवारों ने किया लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी क्षेत्र में सक्रिय बदमाश अब किसी भी समय वारदात को अंजाम देने के लिए तत्पर हो रहे हैं। बुधवार सुबह सैर पर निकली एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया है। यह घटना शहर के पॉश इलाके दुबे कॉलोनी की बताई जा रही है। लोकसभा चुनाव से चंद घंटे पहले चैन स्नेचिंग की इस घटना ने समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है।

मतदान कार्य में भारी संख्या में तैनात पुलिस बल होने के बावजूद अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। बताया जाता है कि जिस समय



यह घटना हुई उस समय महिला अकेले सैर कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने महिला के गले से चेन खींचने का प्रयास किया। यह पूरा वाकया पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के मुताबिक दुबे कॉलोनी क्षेत्र निवासी लगभग 55 वर्षीय सकुंतला बरबोती सुबह सैर पर निकली थी। जब वह नारायण हॉस्पिटल के पास पहुंची तो इसी बीच सुबह लगभग 7 बजे सामने की तरफ से बाइक सवार दो युवक आए और महिला के गले से चेन खींचने का प्रयास करने लगे। युवक महिला के गले से चैन तो खींचने में कामयाब नहीं हुए लेकिन इस घटना ने समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

**कलेक्टर ने 5 बदमाशों को किया बाउंड ओवर**

## 3 अपराधियों को एक वर्ष तक एवं दो को 6 माह देनी होगी थाने में हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं लोक परिशांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद ने जिले के पांच आदतन अपराधियों के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

### एक वर्ष तक प्रतिमाह दो दिवस देनी होगी हाजिरी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी आदेश के तहत जिन तीन अपराधियों पर बाउंड ओवर की कार्यवाही की है। उनमें थाना विजयराघवगढ़ कैथा टोला वार्ड नंबर 1 निवासी किशन उर्फ कृष्णा कुम्हार पिता दुखिया कुम्हार उम्र 35 वर्ष एवं थाना बडवारा ग्राम मझगवां निवासी प्रदीप चौधरी पिता विशेषर चौधरी उम्र 45 वर्ष के साथ ही थाना एन.के.जे वंशकार मोहल्ला महाकौशलपुरम निवासी पहलाद वंशकार पिता स्वर्गीय शंकर वंशकार उम्र 40 वर्ष शामिल है।

इन तीनों अपराधियों को विगत कई वर्षो से आपराधिक गतिविधयों में संलग्न रहने तथा इनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इनकी आपराधिक गतिविधियों में अंकुश न लगने के कारण जिला दण्डाधिकारी ने इन तीनों पर बाउंड ओव्हर की कार्यवाही करते हुए एक वर्ष तक प्रतिमाह दो दिवस संबंधित थानों में हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

### उजागर एवं नितेश को 6 माह तक हर माह दो दिन थाने में हाजिरी देने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा दो आदतन अपराधियों पर भी बाउंड ओवर की कार्यवाही की जाकर 6 माह की अवधि के लिए प्रतिमाह दो दिवस संबंधित थानों में हाजिरी देने के निर्देश दिए है। इन अपराधियों में थाना कुठला बडखेरा चौकी निवासी उजागर सिंह उर्फ बड़े ठाकुर पिता कोमल सिंह ठाकुर उम्र 39 साल सहित थाना ढीमरखेड़ा ग्राम सनकुई निवासी नितेश कोल पिता माखन लाल कोल उम्र 27 वर्ष शामिल है।

**कंट्रोल रूम में बैठक लेकर एसपी ने दिये दिशा निर्देश**

## संवेदनशील केन्द्रों में सुरक्षा को लेकर लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने सुरक्षा में तैनात अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में जोनल एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों एवं बाहर के बल के साथ आए प्रभारियों को पोलिंग बूथ और यातायात साधनों की जानकारी दी गई। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 8 खजुराहो निर्वाचन में कुल 865 मतदान केन्द्र है। जिसमे 141 संवेदनशील पोलिंग बूथ चिन्हित किए गए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने चुनाव ड्यूटी में तैनात जोनल एवं सेक्टर पुलिस मोबाइल के अधिकारियों को ब्रीफ किया।




पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्दी निर्वाचन के विश्वास का प्रतीक है। जिसमें आम जनता को सुरक्षित एहसास होता है, कि सुरक्षा बलों के संरक्षण में निष्पक्ष, सुरक्षित व भयमुक्त निर्वाचन संपन्न होगा।

साथ ही समस्त सुरक्षा बलों से अपेक्षा की जाती है कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बड़ी कुशलता के साथ करेंगे और ईवीएम मशीन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखेंगे। पोलिंग बूथ पर अगर कोई अराजक तत्व आते हैं तो समय रहते हुए उसकी सूचना अपने उच्च अधिकारी को दी जाए।

एसपी अभिजीत रंजन ने मतदान स्थल पर बरती जाने वाली हर छोटी बड़ी सावधानियों के साथ मतदान के बाद ईवीएम मशीन को पूर्णरूपेण सुरक्षित तरीके से निर्धारित स्थल पर लाने के भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

फोर्स को मतदान स्थलों पर दिव्यांग और बुजुर्ग वोटर्स को व्यवस्था के अनुरूप सहयोग करने के निर्देश दिए गए ।

### इनकी लगाई ड्यूटी

मतदान के दौरान जिले में सीआरपीएफ A-47, सीआरपीएफ E-07, सीआरपीएफ B-41, एसएएफ मेघालय, होमगार्ड गुना, होमगार्ड शिवपुरी, होमगार्ड झाबुआ, जिला बल झाबुआ, होमगार्ड अलीराजपुर, जिला बल अलीराजपुर, जीआरपी जबलपुर, हेडक्वार्टर 6th बटालियन जबलपुर, 25 बटालियन भोपाल, आठवीं बटालियन छिंदवाड़ा के बल सहित लगभग 1500 सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी, सचिव, जीआरएस एवं वार्ड दरोगा होंगे से पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों मे 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें ताकि मतदान प्रतिशत बढे। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने अभिनव नवाचार किया है। इसके तहत लोकसभा निर्वाचन में मतदान केन्द्रों पर सर्वाधिक मतदान प्रतिशत एवं मतदान केन्द्र में पूर्व के मतदान के प्रतिशत मे 10 प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि हाने पर उस मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों व वार्ड दरोगा को तीन वर्गो में ग्रामीण और नगरीय निकायों को मिलाकर कुल एक लाख 80 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

इस हेतु नगर निगम क्षेत्र में से किन्ही 3 मतदान केन्द्रों का चयन किया जायेगा जिसमे कार्य करने वाले बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य नगर निगम द्वारा प्रस्तावित को पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों से किन्ही 3 मतदान केन्द्रों का चयन किया जाकर कुशल कार्य करने वाले बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक को पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

नगर निगम एवं न गरीय निकाय हेतु बी.एल.ओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं वार्ड दरोगा नगर निगम व नगरीय निकाय द्वारा प्रस्तावित मतदान केन्द्र हेतु प्रथम श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 20 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 20 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 15 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 15 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा। तृतीय श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक मतदान पर 10 हजार रूपये एवं पूर्व में मतदान केन्द्र में मतदान के प्रतिशत में 10 प्रतिशत या उससे अधिक वृद्धि पर 10 हजार रूपये प्रदान किया जायेगा या राशि सभी में समानुपातिक रूप से वितरित की जायेगी। ग्रामीण क्षेत्र हेतु सर्वाधिक मतदान पर मतदान केन्द्र के कर्मियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर 20, 15 और 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं का किया जायेगा समाधान

**कटनी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा शहर में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 29 अप्रैल 2024 को नगर निगम कार्यालय कटनी में शिकायत निवारण अदालत 'निधि आपके निकट' शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ईपीएफओ से जुड़े कार्यों के लिए लगाया जाएगा। नगर निगम एवं अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारी पीएफ से जुड़ी समस्या शिविर में मौके पर ही समाधान पा सकते है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सभी से अपील करते हुए कहा है कि सभी विभागों के दैनिक,फिक्स, विनियमित कर्मचारी अपनी ईपीएफओ से संबंधित समस्या को लेकर शिविर में उपस्थित होकर उसका निराकरण पाते हुए उक्त शिविर का लाभ अवश्य लें।

### मतदान के लिये श्रमिकों एवं मजदूरों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**कटनी।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत जिले के विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के सभी कामगारों को 26 अप्रैल को होने वाले शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने सवैतनिक अवकाश मंजूर किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के सभी कारोबारियों, व्यावसायियों, औद्योगिक उपक्रम या अन्य स्थापनाओं के प्रबंधकों और नियोजकों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने यहाँ कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को लोकसभा चुनाव में मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से करने की दृष्टि से 26 अप्रैल को अनिवार्यतः सवैतनिक अवकाश प्रदान करें।

### वेयरहाउस में ई व्हीएम सुरक्षित रखवाने संयुक्त कलेक्टर अधिकृत

**कटनी।** अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने मतदान के बाद ई व्हीएम मशीनों को सुरक्षित जिले के वेयर हाउस में रखवाये जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर संस्कृति मुदित लटोरिया को अधिकृत किया है। जिले में द्वितीय चरण के मतदान दिवस 26 अप्रैल के उपरांत ई व्हीएम मैन्युअल आन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एडिशन के तहत चिन्हित सी और डी कैटेगरी की ई व्हीएम मशीनों को पृथक- पृथक वेयरहाउस में सुरक्षित रखवाना सुनिश्चित करेंगी।

### नोडल अधिकारी सूक्ष्म प्रेक्षक बने नयन सिंह

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने मतदान दिवस पर माइक्रो आब्जर्वर को प्रपत्रों के वितरण और प्राप्त करने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह को नोडल अधिकारी सूक्ष्म प्रेक्षक नियुक्त किया है। विदित हो कि शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिले के विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बाहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान दिवस पर माइक्रो आब्जर्वर को प्रपत्रों का वितरण और प्राप्त करने के लिए नयन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ये ही कर सकेंगे मतदान केन्द्रों में प्रवेश

**कटनी।** लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा केवल ऐसे व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति दी गई है । इनमें मतदान अधिकारी, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, उम्मीदवार, उसका निर्वाचन अभिकर्ता और उम्मीदवार का एक बार मंन एक मतदान अभिकर्ता, आयोग द्वारा प्राधिकृत किये गये व्यक्ति एवं निर्वाचन के संबंध में कर्त्तव्यारूढ़ वाले सेवक ही शामिल हैं। इनके साथ ही मतदाता के साथ में गोद में कोई बच्चा, ऐसे अंधे और शिथिलांग मतदाता जो बिना सहायता के चल फिर नहीं सकते, के साथ कोई एक व्यक्ति तथा ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें समय-समय पर मतदाताओं की पहचान करने के या मतदान कराते समय पीठासीन अधिकारी की सहायता करने के प्रयोजनार्थ बुलाया गया हो, भी मतदान केन्द्र में भीतर प्रवेश कर सकेंगे ।

---

**लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीक से संपन्न कराने की गई कार्यवाही**

# फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने 2.31 लाख रूपए की कच्ची शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





लोकसभा चुनाव को लेकर बरही में फ्लैग मार्च निकाला गया। बरही थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन में अनुभाग विजयराघवगढ़ के थाना बरही अंतर्गत पारधी बहुल गांव खिरहनी में एसडीओपी केपी सिंह द्वारा थाना बल एवम सीएपीएफ के फोर्स के साथ एरिया डॉमिनेशन, फ्लैग मार्च कराया गया, साथ ही पारधी टोला में अवैध शराब के विरुद्ध रेड कार्यवाही करते हुए 154 कंटेनर महुआ लाहान कुल मात्रा 2310 किलोग्राम कीमत 2 लाख 31 हजार रुपए मौके पर नष्ट कराया गया। प्लास्टिक कंटेनर को भी मौके पर नष्ट किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव, उप निरीक्षक विनोद कांत सिंह, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्र आर व्यास प्रसाद गुप्ता, अजय पाठक, आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह, विवेक श्रीवास्तव, वाहन चालक भाग सिंह एवं मेघालय पुलिस की 6th एमएलपी बटालियन से कंपनी कमांडर एच के संगमा, उप निरीक्षक विमल विश्वास एवं 6th एमएलपी बटालियन के जवानों की अहम भूमिका रही।

इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर परिस्थितियों का जायजा लिया। स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा एसडीओपी अखिलेश गौर एवं थाना प्रभारी अखिलेश दहिया के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर अपराधियों की कमर तोड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं। जहां पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च आपराधिक तत्वों में बहनका माहौल व्याप्त करने के लिए निकाला जा रहा है वहीं आम जनता को सुरक्षित माहौल देने का संदेश देने के लिए भी मार्च निकाल कर क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि फ्लैग मार्च निकालकर थाना स्लीमनाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम स्लीमनाबाद, बंधी स्टेशन , कौड़िया का भ्रमण किया गया। पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में गस्त करते हुए निगाह रखी जा रही है।

---

## शराब के नशे में वाहन चलाने पर 15 हजार का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में पुलिस द्वारा वाहन चैकिग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी-1 जुहला बायपास के पास वाहन चैकिग लगाई गई। चैकिग के दौरान ट्रक क्र. CG04HW9551 का चालक अपने वाहन को कटनी की ओर से बडवारा तरफ लेकर जा रहा था। ट्रक चालक फारेस्ट नाका के आगे लहराते हुए खतरनाक तरीके से वाहन चला रहा था। हमराह स्टाफ की मदद से वाहन को रोका गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अमन बैग निवासी रायपुर छ.ग. का होना बताया। चालक काफी मदहोश अवस्था में मिला। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि चालक शराब के नशे में है तथा शराब की बदबू आ रही थी। जिसका शासकीय अस्तपाल कटनी में मुलहाजा कराया गया। चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टी डाक्टर द्वारा करने पर चालक के विरूद्ध धारा 184,185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी ट्रक चालक पर 15 हजार रू जुर्माना किया गया। यदि चालक को मौके पर नही पकडा जाता तो निश्चित ही चालक अपने वाहन से कोई गंभीर घटना को घटित कर देता।

**जुहला बायपास मार्ग में पुलिस ने की कार्यवाही**

कार्यवाही में यातायात हाईवे सुरक्षा चौकी जुहला बायपास के सउनि राजेश कोरी, प्र०आर० धनेश्वर तिवारी, आरक्षक अंकित आर्मी, डूमन दास, दीपक कुमार चक्रवती की मुख्य भूमिका रही।

---

**कक्षा पांचवी एवं आठवी की परीक्षा परिणामों की हुई घोषणा**

## शारदा मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं ने विद्यालय का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



बड़वारा नगर का जाना माना स्कूल शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पांचवीं एवम कक्षा आठवीं में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने कक्षा पाँचवीं एवम कक्षा आठवीं की परीक्षाओं में उच्चतम अंक अर्जित कर सफलता के नए आयाम स्थापित कर बड़वारा नगर,अपने विद्यालय,गुरुजनों तथा अपने परिजनों को गौरवान्वित किया है। शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने बताया कि हॉल ही में पाँचवीं आठवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं जिसमे शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठ सफलता हासिल की है।

कक्षा पांचवीं में प्रथम श्रेणी में 34 बच्चे उत्तीर्ण हुए शेष बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में श्रेया गुप्ता पिता सत्येन्द्र गुप्ता ने 341 अंक 85.% प्रतिशत अंक अर्जित किये, प्रथम श्रेणी में ही द्वितीय स्थान नैतिक पटेल पिता ईश्वरचंद पटेल ने 337 अंक 84.25% प्रतिशत अंक हासिल किये, प्रथम में ही तीसरा स्थान छात्र ध्रुव द्विवेदी पिता सतीश द्विवेदी ने 333 अंक 83.25% प्रतिशत अंक प्राप्त अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में भी शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने सफलता के शिखर तक पहुंच कर कामयाबी हासिल की है।

कक्षा आठवीं में प्रथम श्रेणी में 49 बच्चे आये शेष द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र छात्राओं में कुमारी चन्द्रकली कुशवाहा पिता छदामी लाल कुशवाहा ने 554 अंक 92.3% प्रतिशत प्राप्त किये ,प्रथम में ही द्वितीय स्थान कुमारी प्रिया कुशवाहा पिता मनोज कुशवाहा ने 554 अंक 90.67%प्रतिशत अंक प्राप्त किये, इसी प्रकार प्रथम श्रेणी में ही कुमारी निहारिका गुप्ता पिता दिनेश गुप्ता ने 539 अंक 89.83%अंक अर्जित किया , दर्श द्विवेदी पिता श्री हर्ष द्विवेदी ने 530 अंक कुल 88.33% प्राप्त कर अपने विद्यालय,ग्राम, अपने माता पिता एवम गुरुजनों का नाम रोशन कर सभी का मान बढ़ाया है।

विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

**शांतिपूर्ण मतदान के लिए निकाला फ्लैग मार्च**



पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में कुठला पुलिस के व्दारा आदर्श आचार संहिता के दौरान सीआरपीएफ पुलिस के साथ मिलकर ग्राम हरदुआ एवं आसपास के क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। लोकसभा चुनाव के पहले फ्लैग मार्च ऐसे इलाकों में निकाला गया है जहां पारधी समाज के लोग रहते हैं और उनके बीच में झगड़े की आशंका बनी रहती है। फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रदीप कुमार साहू उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आम जनता से लोकसभा चुनाव के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने एवम भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

---

## मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं के साथ मत प्रतिशत बढ़ाने करें प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खजुराहो लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव प्रगति पर है। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के एक दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लें। मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाकर मतदान कराने हर संभव प्रयास करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बुधवार को जिला पंचायत मे आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए।

इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत वार, एएमएफ व्यवस्था, मतदान कर्मियो हेतु भोजन व्यवस्था आदर्श मतदान केंद्रों, स्वीप गतिविधियां, विधानसभा निर्वाचन 2023 में स्व सहायता समूह की भोजन की राशि के भुगतान के संबंध में और कम्युनिकेशन प्लान के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए जानकारी ली। समीक्षा करते हुए उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप तय समय सीमा में मतदान केंद्रों में जरूरी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो शेयर करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती हेतु मतदान प्रतिशत में इजाफा हेतु मतदाताओं को मतदान केंद्र में लाकर अधिक से अधिक मतदान कराएं। समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के सीईओ और जिला पंचायत के शाखा प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

---

**माधवनगर थाना क्षेत्र में फरवरी माह में हुई थी वारदात**

## बमबाजी मामले में फरार ईनामी बदमाश को गिरफ्तार भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ संतोष डेहरिया एडि एसपी, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अनूप सिहं निरीक्षक थाना प्रभारी थाना माधवनगर, राकेश पटेल उप निरीक्षक एवं पुलिस स्टॉफ को 2 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ने में 24 घण्टे के अंदर दूसरी सफलता मिली।

घटना की जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि 1 फरवरी 24 को फरियादी सुमित समुद्रे पिता सुभाष समुद्रे उम्र 28 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला माधवनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 1 फरवरी 24 के दोपहर करीब 3 बजे फरियादी एवं इसकी पत्नि और बच्चे घर में थे। उसी समय राज वंषकार उर्फ धर्मेन्द्र वंषकार, प्रिंस उर्फ फोग्गा गौटिया, छोटू उर्फ जय चौहतवान, डग्गू उर्फ नन्दलाल कोल इसके घर के सामने आये और उसे बाहर बुलाये। पुरानी बुराई को लेकर मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुये फरियादी से शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांग रहे थे। जब उसने पैसा एवं गाली देने से मना किया तो घर के अन्दर जबरन घुसकर आरोपी शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगे। रूपये न देने पर बम पटकने की धमकी देने लगे उसी समय छोटू उर्फ जय चौहतवान ने अपने पास रखी थैली से एक बम निकालकर घर के अन्दर पटक दिया जिससे घर में रखा सामान छतिग्रस्त हो गया था।

घटना के पश्चात ही आरोपी जय उर्फ छोटू चौहतवान, छग्गू उर्फ नन्दलाल कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था किन्तु धर्मेन्द्र उर्फ राज वंषकार, प्रिंस उर्फ फोग्गा गोटिया घटना को अंजाम देकर घटना दिनांक से फरार चल रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी किये जाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा था।

### 2 हजार का ईनाम किया था घोषित

पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ राज वंशकार, प्रिंस उर्फ फोग्गा गोटिया गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले को 2 हजार रूपये का ईनाम देने की उद्घोषणा की गई थी। 24 घण्टे पूर्व ही आदतन अपराधी धर्मेन्द्र उर्फ राज वंशकार घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया था।

मुखबिर से पुनः सूचना मिली कि प्रिंस ऊर्फ फोग्गा गोंटिया बरगवां शराब की दुकान के पास देखा गया है। सूचना पर तत्काल ही मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया जिसे मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी को पकड़ने में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरीक्षक राकेश पटैल एवं प्र आर के के तिवारी, आशीस श्रीवास, आरक्षक अनूप सिंह की विशेष भूमिका रही है।

---

**कलेक्टर ने बढाया हौंसला, सभी ने ली मतदान करने की शपथ**

## विजेता एवं उप विजेता पहलवान को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




परंपरागत खेल प्रतियोगिता दंगल-कुश्ती के माध्यम से 26 अप्रैल को खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का अभिनव नवाचार किया गया। इस दंगल एवं कुश्ती प्रतियोगिता मे विभिन्न जिलों से आए 16 पहलवानों ने शिरकत की गई।

प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के पहलवान अक्षय चक्रवर्ती विजयी बने और 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। वहीं कटनी जिले के पहलवान धरम वंशकार उपविजेता रहे, जिन्हे 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। दंगल एवं कुश्ती प्रतियोगिता में सागर, दमोह, जबलपुर, रीवा सतना सहित उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच आपनांए। परंपरागत और प्राचीन खेल कुश्ती - दंगल को प्रोत्साहित करनें मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कटनी शहर के साधुराम स्कूल परिसर मे कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस को बढ़-चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया गया और 26 अप्रैल को स्वयं मतदान करने और परिवारजनों सहित अन्य लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने की शपथ ली।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने दंगल स्थल पर पहुंचकर प्रदेश के अन्य जिलों से यहां प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे पहलवानों का हौसला बढ़ाया।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, प्रोफेसर माधुरी गर्ग, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक मौजूद रहे। कलेक्टर ने यहां मौजूद रहकर रोमांचक दंगल-कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागी पहलवानों द्वारा अपने प्रतिद्वंदी को हराने हेतु लगाये जा रहे दांव-पेच धोबी पछाड, टंगडी, जांघियां दांब, काखी दांव, बगलडूबर दांव, निकाल दांव आदि का लुत्फ उठाया और तालिया बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। देशी अंदाज में कुश्ती की इस प्रतियोगिता में पहलवान द्वारा दांव को पूरा करने के लिए किये जाने वाले प्रयास को पेच कहा जाता है और अगर पेच सही हुआ तो दांव भी जोरदार लगता है।

बताते चलें कि मतदाता जागरूकता के तहत जिले के इतिहास में पहली बार जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा दंगल-कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसकी कटनी वासियों ने भरपूर सराहना की।

---

## हस्ताक्षर के पहले लगाई जायेगी मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता की बायीं तर्जनी पर अमिट स्याही का निशान मतदाता रजिस्टर पर उसके हस्ताक्षर करने के पहले लगाया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जायेगा ताकि मत देने के बाद मतदाता के मतदान केन्द्र छोड़ने तक अमिट स्याही को सूखने और एक सुस्पष्ट अमिट चिन्ह बनने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये। मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही नाखून से लेकर अंगुली के पहले पोर तक लगायी जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अमिट स्याही लगाने के पहले मतदान अधिकारियों द्वारा मतदाता की बायीं तर्जनी का निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि निरीक्षण में यह देखने में आता है कि किसी मतदाता ने अमिट स्याही के चिन्ह को प्रभावहीन करने के लिए अपनी अंगुली पर तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ लगा लिया है तो मतदान अधिकारी द्वारा उस मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाने के पहले किसी कपड़े के टुकड़े की सहायता से ऐसा तैलीय या चिकनाईयुक्त पदार्थ को हटा दिया जायेगा ।

आयोग के निर्देशों में मतदान अधिकारियों से स्पष्ट कहा गया है कि यदि कोई मतदाता निर्देशों के विपरीत अपनी बायीं तर्जनी का निरीक्षण करने या अमिट स्याही लगाने से इंकार करे या उसकी बायीं तर्जनी पर ऐसा कोई चिन्ह पहले से ही हो अथवा वह स्याही को हटाने की दृष्टि से कोई भी कृत्य करे तो उसे मत देने के लिए अनुमति नहीं दी जाये।

आयोग ने यह भी कहा है कि मतदाता को अपना मत रिकार्ड करने के लिए मतदान कक्ष में जाने की अनुमति देने के पहले नियंत्रण यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी द्वारा भी उसकी अंगुली की दुबारा जांच की जानी चाहिए। यदि मतदाता ने स्याही को हटा दिया है या स्याही का चिन्ह अस्पष्ट है तो उसकी बायीं तर्जनी पर दुबारा अमिट स्याही का चिन्ह लगा दिया जाये।

आयोग के मुताबिक मतदान कर चुके मतदाता की पहचान के लिए अमिट स्याही का चिन्ह मतदाता की बायीं तर्जनी की अंगुली पर लगाया जायेगा। लेकिन यदि किसी मतदाता की बायीं तर्जनी न हो तो अमिट स्याही उसकी ऐसी किसी भी अंगुली में लगाई जायेगी जो उसके बायें हाथ में हो । यदि उसके बाये हाथ में कोई भी अंगुली न हो तो स्याही उसकी दायें हाथ की तर्जनी पर लगाई जायेगी और यदि उसके दायें हाथ की तर्जनी भी न हो तो उसकी दायीं तर्जनी से प्रारंभ करते हुए उसके दायें हाथ की किसी भी अन्य अंगुली पर स्याही लगाई जायेगी ।

## खबर संक्षेप

### इंडिया गठबंधन के सपा व आप के नेता अब पीट रहे लकीर

**पन्ना।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र खजुराहो में जहां प्रदेशाध्यक्ष भाजपा वी.डी. शर्मा भाजपा से प्रत्याशी है वहीं इस सीट में इंडिया गठबंधन ने सपा से श्रीमती मीरा यादव चुनाव मैदान में उतारा था। जिसका फार्म निरस्त होने के बाद इंडिया गठबंधन स्वयं ही चुनाव से बाहर के हालात तय कर चुका था। वहीं कुछ दिनों बाद निर्दली प्रत्याश राजाभईया प्रजापति को समर्थन देने के लिए घोषणायें कि वहीं आज समाचार लिखे जाने के पहले मीडिया से रूबरू होकर जहां सपा के नेता व आप के नेता अब सूरत का उदाहरण देकर खजुराहो लोकसभा में जो सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त किया गया था। उदाहरण दे रहे है लोकतंत्र की हत्या बता रहे है। वहीं राजाभईया के चुनाव प्रचार में कोई भी सपा नेता व कांग्रेस नेता कहीं नजर नहीं आ रहे फिर भी समर्थन की बात भाजपा को लेकर अलाप रहे राग। जब हांथी निकल गया तो लकीर कूटने जैसे हालात लोकतंत्र के महापर्व में लोकसभा चुनाव बेरूखी को लेकर जनचर्चा में जरूर। जब सामने मैदान में विरोधी ही प्रबल न हो तो फिर चुनाव कैसा फिर भी चुनाव। शासन प्रशासन की तैयारी लोकसभा के चुनाव को लेकर जारी है।

### शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित

**पन्ना।** अजय सिंह प्राथमिक शिक्षक तमसा नगर संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनहर कन्या को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। मामला लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कटवाने को लेकर आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के समक्ष उपस्थित होकर दिया था। जिसमें अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने की बात आदेश में निलंबन में उल्लेखित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधान प्रद नहीं पाये जाने की बात भी उल्लेखित की है।

## ऑटो रिक्शा वाले वसूल रहे मनमाना किराया

# मतदान कर्मियों के लिए अधिग्रहित की गई बसें, यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आगामी 26 अप्रैल शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों तथा सुरक्षाबलों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए यात्री बसों को अधिग्रहित किया गया है जिसके कारण वर्तमान में यात्री बसों की संख्या काफी कम हो गई है जिससे बसों में सफर करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सार्वजनिक बसों के माध्यम से सफर करने वाले लोगों को को अपने गंतव्य तक जाने के लिए चुनाव में बस अधिग्रहण हो जाने तथा वैवाहिक कार्यक्रम के लिए बसों को बुक कर लेने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जहां हटा बस स्टैंड पर हर 5 मिनट में मिलने वाली बसों के लिए अब घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसके कारण बसों से सफर करने वाले लोग सही समय पर अपने स्थान तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें तेज धूप व भीषण गर्मी का सामना करते हुए बसों का इंतज़ार करना पड़ रहा है वहीं कई लोग आते जाते अन्य वाहनों से लिफ्ट लेकर अपने गंतव्य तक जाने को मजबूर हैं।



### बस आते ही टूट पड़ते हैं यात्री

बुधवार की शाम हटा बस स्टैंड में भी कुछ यही नजारा देखने को मिल रहा है यहां कुछ बसें तो चल रही हैं लेकिन इनकी संख्या बहुत ही कम होने के कारण यात्रियों की संख्या इतनी ज्यादा है कि बसों में खड़े होने की जगह भी नहीं बचती लेकिन बस के ड्राइवर कनेक्टरों द्वारा यातायात नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। वहीं स्वयं यात्री भी वहां नहीं मिलने के कारण बस आते ही उनमें प्रवेश के लिए दौड़ लगा देते हैं।

### ऑटो रिक्शा वसूल रहे मनमाना किराया

जहां एक ओर यात्री बसों को लोकसभा चुनाव में अधिग्रहण किए जाने के कारण बसों की संख्या काफी कम हो जाने के कारण लोग ऑटोरिक्शा का सहारा ले रहे हैं लेकिन हटा बस स्टैंड पर ऑटो रिक्शा चालक यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनमाना किराया वसूल रहे हैं और यात्री बस का ज्यादा इंतजार न करना पड़े मजबूरी में ज्यादा पैसे देने को मजबूर हैं।

## अधिवक्तागण के साथ व्ही.सी. के माध्यम से बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला दमोह एवं तहसील न्यायालय हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के सबंध में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट की अध्यक्षता में न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी एवं मोटर दुर्घटना प्रकरणों के अधिवक्तागण के साथ व्ही.सी. के माध्यम से बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय दमोह में किया गया। आयोजित बैठक में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी विकास विश्वकर्मा, सहायक प्रबंधक एवं उपस्थित अधिवक्ताओं से आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में मोटर दुर्घटना के प्रकरणों के निराकरण किये जाने के संबंध में कहा। साथ ही आयोजित प्रीसिटिंग में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं द्वारा अनेक प्रकरणों में राजीनामा किये जाने के संबधं में चर्चा भी की गई। उक्त आयोजित बैठक में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण पवन पाठक, सचिन गुरू, सईद कुरैशी, संतोष पाटकर, सुरेश खत्री, रमेश सुरेका, बसंत बरदिया आवेदक अधिवक्ता मृत्युंजय हजारी, राजेश पटैल कुर्मी, धर्मेन्द्र पटैल सहित अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

## सामग्री वितरण स्थल का लिया जायजा



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के साथ 07-दमोह संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन हेतु सामग्री वितरण एवं सामग्री जमा करने संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने विधानसभा वार बनाये गये पंडाल व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। निर्वाचन कार्य के लिये बनाये गये कम्युनिकेशन कक्ष का भी जायजा लिया।

## गैसाबाद थाना पुलिस ने निकाला मार्च



**गैसाबाद।** आगामी 26 तारीख को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर आज पुलिस प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम खमरगौर, मोहरई, मे दलबल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया इसके पूर्व ग्राम गैसाबाद, हिनौता में भी पुलिस ने फ्लैग मार्च किया था फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी विक्रांत चौहान एवं बाहर से आई विशेष पुलिस बल की मौजूदगी रही।

## क्षय रोग की सूक्ष्मता से जांच हेतु सिविल अस्पताल को मिली सी बी नाट मशीन

**हटा।** क्षय मुक्त भारत बनाने के लिए महानगर से लेकर छोटे नगरों तक विस्तृत जांच उपचार योजना का नेटवर्क धीरे-धीरे अमल में लाया जा रहा है। जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन ने बताया की इसी क्रम में सिविल अस्पताल हटा में क्षय रोग की सूक्ष्म से सूक्ष्म जांच मशीन सी बी नाट स्थापित हो गई है।जो की पूर्व में आई मशीन टू नोट से भी ज्यादा सेंसिटिव मोड पर काम करती है। इस मशीन से उन उन मरीजों की भी जांच होगी जिन्होंने पूर्व में छह रोग से संबंधित दवा खाई है और पूर्ण स्वस्थ ना होकर बीच में इलाज छोड़ दिया है।जिससे वे पुनः गंभीर रूप से रोगी हो गए हैं। ऐसे मरीजों की जांच नाट मशीन से नहीं की जा सकती। इसके लिए इस विशेष मशीन सी बी नाट का उपयोग किया जाएगा। इससे पहले ऐसे दवा प्रतिरोधी मरीजों की जांच के सैंपल महानगरों तथा संभागीय स्तर के अस्पतालों पर भेजी जाती थी परंतु आज सिविल अस्पताल हटा में विधिवत प्रारंभ की गई। जहां से रिपोर्ट पहले कई दिनों में आती थी अब वह कुछ घंटे में उपलब्ध हो जाएगी और गंभीर मरीजों का इलाज शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। नई मशीन उपलब्ध होने पर स्टाफ में प्रसन्नता देखी गई। सिविल अस्पताल हटा के सीबीएमओ डॉक्टर उमाशंकर पटेल द्वारा दमोह से आए जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन एवं स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल हटा के डॉक्टर आर पी कोरी, डॉक्टर सौरभ जैन,डॉक्टर अमन श्रीवास्तव, भूषण पटेल,श्रीवास,हरिशंकर साहू, मनीष श्रीवास्तव, नितिन असाटी उपस्थित रहे।



## हनुमान जयंती पर 121 हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन



**हटा ।** नगर हटा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिरों में प्रातः से देर शाम तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। वहीं परम पूज्य श्री बागेश्वर धाम सरकार के महासंकल्प 121 करोड़ हनुमान चालीसा पाठ हनुमान जन्मोत्सव पर लिया गया था। इसी संकल्प के तहत नगर के सब्जी मंडी स्थित यशराज साहू, हर्षराज साहू, उत्कर्ष साहू के निवास पर 121 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां सुबह पूजन पाठ के साथ संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किया गया, निरन्तर 8 घंटे तक अखंड रूप से 121 हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके उपरांत श्री हनुमान जी की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय लोगो सहित श्री बागेश्वर धाम सरकार भक्त मंडल आदि ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा।** नगर के सीएम राईस स्कूल में नषा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत विधिक साक्षरता षिविर का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पूजित कमल की उपस्थिति में संपंन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओं से मजिस्ट्रेट पूजित कमल ने नशा उन्मूलन के संबंध में चर्चा की। नशा पीड़ितो के लिए विधिक सेवा योजना में योजना का लक्ष्य विशेष इकाइयों की स्थापना, ड्रग दुरुपयोग के पीड़तिों के परिवारों को जागरूक करना एवं नशा मुक्ति केन्द्रो के साथ समन्वय आदि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा न सिर्फ समाज के लिए घातक है बल्कि उसे व्यक्ति एवं उसके परिवार के लिए भी घातक है इसलिए नशे से दूर रहना सभी के लिए आवश्यक है। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य श्रीमति नीतू हजारी, शिक्षक शिक्षिकाओं में अभिनंदन दुबे, सर्वेश गर्ग, मदन सिंह ठाकुर श्रीमति हेमलता अहिरवार, बहादुर सिंह ठाकुर, श्रीमती दर्शना सोनी, श्रीमती कीर्ति उपाध्याय, श्रीमती ममता लोधी, श्रीमती प्रियंका यादव, दयाल सिंह ठाकुर एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## टीम ने बाल विवाह रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

24 अप्रेल बुधवार की दोपहर में महिला बाल विकास विभाग दमोह की सुपरवाइजर , संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह के जिला समन्वयक, कार्यकर्ता एवं पुलिस थाना हिण्डोरिया के महिला-पुरुष बल की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर ग्राम नोनपानी में लड़के के निवास पर पहुंचकर होने जा रहा बाल विवाह रुकवाया। साथ ही मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर लड़के की शादी कानून सम्मत उम्र 21 वर्ष होने के बाद करने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर घोड़ा एवं बाजे वालों को भी समझाईश दी गई।

टीम को सूचना मिली थी कि एक 19 वर्षीय युवक जिसकी उम्र विवाह के योग्य नहीं थी का बाल विवाह रैपुरा (पन्ना जिला) मे 24 अप्रेल 2024 को होने वाला था। घर मे बारात की तैयारी हो रही थी। जबकि कानूनन लडके के विवाह की उम्र 21 वर्ष होना चाहिए। इस बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला बाल विकास विभाग दमोह की सुपरवाइजर सरोज पटेल,



कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की मदद से एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के तहत काम करने वाली संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे, कार्यकर्ता भूपेंद्र अहिरवार ,हिंडोरिया थाना से महिला पुलिस प्रधान आरक्षक भूरन रैकवार, आरक्षक बाबू सिंह इत्यादि की संयुक्त टीम ने ग्राम व पंचायत नोनपानी पहुँच कर पाया कि बालक कड़ोरी उर्फ इमरत गौड़ की उम्र आधार कार्ड के आधार पर अभी 19 वर्ष हुई है। जो की बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत एक दण्डनीय अपराध है। मौके पर घोड़ा, बाजे बाराती बगैरह मौजूद थे। एवं रैपुरा बारात जाने की तैयारी की जा रही थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर लड़का, उनके पिता, परिजन एवं गांव वालों को बाल विवाह के संबंध में विस्तार से समझाया। एवं लड़के की शादी 21 वर्ष होने के बाद करने का संकल्प दिलाते हुए पंचनामा कार्रवाई की। लड़के के पिता एवं परिजनों ने लड़के की शादी 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद करने का वादा किया । इस तरह संयुक्त प्रयास से बाल विवाह होने से रोका गया।

### चुनाव के कारण 25 अप्रैल को होने वाला उर्स 30 अप्रैल को संपन्न होगा

**हटा ।** नगर की कौमी एकता की मिसाल बस स्टैंड स्थित किले वाले बाबा हजरत मलंग शाह वली की दरगाह पर प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को बड़ी धूमधाम से उर्स का आयोजन किया जाता है जिसमें भारी संख्या में बाबा के मुरीद दरगाह पर मत्था टेकने पहुंचते हैं और अपनी मुरादे पाते हैं। वहीं रात्रि कालीन में उर्स मुबारक पर आयोजित कव्वालियों का लुफ्त उठाते हैं लेकिन इस बार 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव मतदान तारीख होने के चलते उर्स के आयोजन में फेर बदल किया गया है। जिसके संबंध में उर्स कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर आदित्य वर्धन सिंह हजारी संचालक राजेश भाई पटेरिया रशीद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 26 अप्रैल को जिले में मतदान होने के कारण उर्स का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाना है जिसमें बाहर से आए हुए कव्वाल हलीम ताज कब्बाला शहनाज सबरी के द्वारा तमाम रात कव्वालियों का आयोजन किया गया है अतः सभी से गुजारिश है कि 30 अप्रैल को उर्स में शिरकत फरमाएं।

## श्रीकृष्ण-सुदामा की दोस्ती की आज भी दुनिया देती है मिसालः पं उमाशंकर शास्त्री

**बनवार।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धालु रसपान कर रहे है। विवेकानंद हाई स्कूल परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सह प्रवचन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। पंडितउमाशंकर शास्त्री ने श्रीमद्भागवत में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। मौके पर कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण में सुदामा चरित्र का व्याख्यान करते कहा कि सुदामा जी भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र तथा भक्त थे। वे समस्त वेद-पुराणों के ज्ञाता और विद्वान ब्राह्मण थे। भगवान कृष्ण के सहपाठी रहे सुदामा एक बहुत ही गरीब ब्राह्मण परिवार से थे। उनके सामने हालात ऐसे थे बच्चों का पेट भरना भी मुश्किल हो गया था। गरीबी से तंग आकर एक दिन सुदामा की पत्नी ने उनसे कहा कि वे खुद भूखे रह सकते हैं लेकिन बच्चों को भूखा नहीं देख सकते। ऐसे कहते-कहते उनकी आंखों में आंसू आ गई। ऐसा देखकर सुदामा बहुत दुखी हुए और पत्नी से इसका उपाय पूछा। इस पर सुदामा की पत्नी ने कहा-आप बताते रहते हैं कि द्वारका के राजा कृष्ण आपके मित्र हैं तो क्यों नहीं एक बार उनके पास चले जाते। आपके दोस्त हैं तो आपकी हालत देखकर बिना मांगे ही कुछ न कुछ दे देंगे। इस पर सुदामा बड़ी मुश्किल से अपने सखा कृष्ण से मिलने के लिए तैयार हुए।



अपनी पत्नी सुशीला से कहा कि किसी मित्र के यहां खाली हाथ मिलने नहीं जाते इसलिए कुछ उपहार उन्हें लेकर जाना चाहिए। लेकिन उनके घर में अन्न का एक दाना तक नहीं था। कहते हैं कि सुदामा के बहुत जिद करने पर उनकी पत्नी सुशीला ने पड़ोस से चार मुट्ठी चावल मांगकर लायी और वही कृष्ण के लिए उपहार के रूप में एक पोटली में बांध दिया। सुदामा जब द्वारका पहुंचे तो वहां का वैभव देखकर हैरान रह गए। पूरी नगरी सोने की थी। लोग बहुत ही सुखी और संपन्न थे। सुदामा किसी तरह से लोगों से पूछते हुए कृष्ण के महल तक पहुंचे और द्वार पर खड़े पहरेदारों से कहा कि वह कृष्ण से मिलना चाहते हैं। लेकिन उनकी हालत देखकर द्वारपालों ने पूछा कि क्या काम है। सुदामा- कृष्ण मेरे मित्र हैं। द्वारपालों ने महल में जाकर भगवान कृष्ण को बताया कोई गरीब ब्राह्मण उनसे मिलने आया है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। सुदामा नाम सुनते ही भगवान कृष्ण नंगे पांव सुदामा को लेने के लिए दौड़ पड़े। वहां मौजूद लोग हैरान रह गए कि एक राजा और एक गरीब साधू में कैसी दोस्ती हो सकती है। भगवान कृष्ण सुदामा को अपने महल में ले गए और पाठशाला के दिनों की यादें ताजा कीं। श्रीकृष्ण ने सुदामा से पूछा कि भाभी ने उनके लिए क्या भेजा है। इस सुदामा संकोच में पड़ गए और चावल की पोटली छुपाने लगे। ऐसा देखकर कृष्ण ने उनसे चावल की पोटली छीन ली। भगवान कृष्ण सूखे चावल ही खाने लगे। सुदामा की गरीबी देखकर उनके आखों में आंसू आ गए। सुदामा कुछ दिन द्वारिकापुरी में रहे लेकिन संकोचवश कुछ मांग नहीं सके। विदा करते वक्त कृष्ण उन्हें कुछ दूर तक छोड़ने आए और उनसे गले लगे। सुदामा जब अपने घर लौटने लगे तो सोचने लगे कि पत्नी पूछेगी कि क्या लाए हो तो वह क्या जवाब देंगे। सुदामा घर पहुंचे तो वहां उन्हें अपनी झोपड़ी नजर ही नहीं आई। वह अपनी झोपड़ी ढूंढ़ रहे थे तभी एक सुंदर घर से उनकी पत्नी बाहर आईं। उन्होंने सुंदर कपड़े पहने थे। सुशीला ने सुदामा से कहा, देखा कृष्ण का प्रताप, हमारी गरीबी दूर कर कृष्ण ने हमारे सारे दुःख हर लिए। सुदामा को कृष्ण का प्रेम याद आया। उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। दोस्तों, कृष्ण और सुदामा का प्रेम यानी सच्ची मित्रता यही थी। कहा जाता है कि कृष्ण ने सुदामा को अपने से भी ज्यादा धनवान बना दिया था। दोस्ती के इसी नेक इरादे की लोग आज भी मिसाल देते हैं। आज भी दोस्ती के दौरान श्रीकृष्ण व सुदामा की मिसाल पेश की जाती है।

## नरवाई की आग फैलने से 2 मजदूरों के घर जलकर खाक

### ग्रामीणों ने मिलकर बुझाई आग, समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

**पन्ना।**

कोतवाली अंतर्गत ग्राम हरदुआ में किसान के द्वारा नरवाई में लगाई गई आग फैलने से 2 आदिवासी मजदूरों के आशियाने जलकर खाक हो गए हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को दोपहर में ग्राम हरदुआ के एक खेत में नरवाई जलाने के लिए आग लगाई गई थी जो फैलते हुए शाम 5 बजे तक नई बस्ती हरदुआ निवासी बाबूलाल आदिवासी और कंछेदी आदिवासी के घर तक पहुंच गई। घरों से धुआं उठता देख गांव में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। सूचना मिलते ही अरविंद राय सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीपुर, अतुल रावत रोजगार सहायक लक्ष्मीपुर, धीरू वाजपेई पूर्व सरपंच, संदीप शर्मा, जीतू बाजपेई, सुरेंद्र शर्मा व राजू गौड़ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को साथ लेकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन जब तक आग बुझी दोनों मजदूरों के घर और घरों में रखा अनाज कपड़े एवं गृहस्थी का समान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो घर और सामान दोनों बचाए जा सकते थे। नरवाई जलाने पर कलेक्टर के द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है इसके बावजूद कुछ किसान नरवाई में आग लगा रहे हैं जिससे इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं।

खबर संक्षेप

## वाहन चैकिंग की कार्यवाही की जाये

**दमोह।** आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है कि मतदान प्रक्रिया के सुचारू एवं निर्विघ्न संपन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के एस.एस.टी./एफ.एस.टी. दल की सभी पारियों (प्रथम शिफ्ट प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, द्वितीय पारी अपरान्ह 03 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं तृतीय पारी रात्रि 11 बजे से प्रातः 08 बजे तक) का समय-समय पर भ्रमण कर वाहन चैकिंग की कार्यवाही की करें एवं फोटोग्राफ्स इलेक्शन ग्रुप पर शेयर किये जाये। उक्त कार्यवाही में एफ.एस.टी. टीम को भी अपने साथ शामिल रखें।

## तीन हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 01 प्रकरण में फरार आरोपी पर 03 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 274/2024 धारा 386,34,120 बी ता.हि. तहत फरार आरोपी रोहित बारोलिया पिता हरगोविंद बारोलिया निवासी सीतानगर पर 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त मामलों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/ अधिकारी फरार आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सकेगी, ऐसे व्यक्ति को नगद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## एक अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अजय रजक पिता हल्काई रजक निवासी ग्राम हटरी थाना नोहटा को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला यथा सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना एवं छतरपुर से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

## लायसेंसियों पर कार्रवाई के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** विगत दिनों मदिरा दुकान नरसिंहगढ़ एवं रनेह में निर्धारित समयावधि के पश्चात रात्रि में मदिरा विक्रय की प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा संज्ञान लेते हुये जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र खरे को उक्त मदिरा दुकानों के लायसेंसियों पर कार्यवाही करने के आदेश दिये गये। मदिरा दुकान नरसिंहगढ़ एवं रनेह के लायसेंसियों पर कार्यवाही करते हुये उक्त पर आरोप पत्र देकर प्रकरण कायम किये गये।

### दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से भी कम रहा

# 12वीं में दो तो 10वीं में तीन ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार को हाई स्कूल परीक्षा एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणाम घोषित किये गये जिसमें जिले के पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 10वीं के 03 एवं कक्षा 12वीं के 02 विद्यार्थी प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहे है। इनमें कक्षा 12वीं में गणित संकाय से महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हटा की छात्रा मोनिका साहू पिता रमेश साहू ने प्रदेश में 487 अंक प्राप्त कर पॉचवा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। सी.एम. राइज विद्यालय पटेरा के प्राचार्य विवेक नेमा के पुत्र वेदांश नेमा जो की उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में जीव विज्ञान का छात्र था ने प्रदेश मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर दमोह जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने वेदांश को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की तथा शेष विद्यार्थियों को भी शुभकामनाएं देते हुए 26 अप्रैल के बाद मिलकर उन्हें भी बधाई देने की बात कही। कक्षा 10 वीं में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह की छात्रा प्रगति असाटी पिता सुदामा असाटी ने 490 अंक प्राप्त कर पॉचवा स्थान, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के छात्र पंकज पटैल पिता कृष्ण कुमार ने 489 अंक प्राप्त कर छटवां स्थान एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह की छात्रा साक्षी लोधी पिता शिवराज सिंह ने 488 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है।




### डॉक्टर बनना चाहते हैं वेदांश



प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवा स्थान पाने वाले वेदांत नेमा ने अपनी इस सफलता का श्रेय एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य सहित शैलेन्द्र दुबे सर, आदित्य चौरसिया सर, कमलेश सर, इमरान सर हुकुम सर व सपना मैडम को देते परिजनों के प्रमुख योगदान की बात कही। वेदांत ने कहा कि डॉक्टर बनना मेरा लक्ष्य है।

### नगर को किया गौरवान्वित

**हटा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत एमपी टॉपटेन सूची में हटा नगर के पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर विद्यालय की गणित विषय की छात्रा मोनिका साहू पिता रमेश साहू ने 500 अंक में से 487अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त कर प्रदेश की टॉपटेन सूची में अपना नाम दर्ज किया टॉपटेन सूची में आई छात्रा के अभिभावक द्वारा समस्त शाला परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सोनवलकर ने गौरव बढ़ाया



दमोह डॉ अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दसवीं कक्षा मैं अध्ययनरत राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्राचार्य डॉ आलोक सोनवलकर के सुपुत्र अभय सोनवलकर ने कक्षा दसवीं में 82% अंक अर्जित कर तथा सभी विषयों में प्रवीणता प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय का गौरव बढ़ाने पर डॉअग्रवाल विद्यालय समिति के अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष अनंत अग्रवाल कोषाध्यक्ष जयंत अग्रवाल सचिव डॉ अनुराग अग्रवाल अभिनव अग्रवाल के अलावा प्राचार्य मनीष चौरसिया जोसफ एंटोनी पीके पांडे सुनील जैन प्रवीण श्रीवास्तव गायत्री नेमा सुंदर विश्वकर्मा शिवानी रंजीता प्रियंका दुबे ने बधाई प्रेषित की है।



# 1168 दिये जलाकर मनाया चुनाव का पर्व देश का गर्व



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय बेलाताल में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान 1168 मतदान केन्द्रों के प्रतीक स्वरूप 1168 दिये प्रज्जवलित कर चुनाव का पर्व देश का गर्व मनाया गया और 26 अप्रैल को आपका मत आपकी आवाज को बुलंद करते हुये मतदान करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारीअर्पित वर्मा, एसडीएम आरएल बागरी, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप केपी अहिरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, महिलायें,मीडियाजन मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा 26 अप्रैल को 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में मतदान है, मतदान का समय बहुत करीब आ गया है और इस समय में हमारी मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी एकदम चरम पर है। इसी सिलसिले में आज सुबह हमने मानव श्रृंखला का निर्माण किया जो की एक सफल एक्टिविटी रही और आज शाम को बेलाताल में दीप प्रज्वलन के माध्यम से आओ गर्व से मतदान करें एक संदेश देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा मतदान नई आशाओं का दीप है और शहर के नागरिक, शहर के गणमान्य लोग यहां पर आए, सभी ने यहां पर मिलकर 1168 दिए जलाए हैं जो की 1168 मतदान केंद्रों का प्रतीक है। दीप के माध्यम से 26 अप्रैल 2024 और स्वीप लिखा गया है और यह एक तरीका है संदेश देने का लोगों को की सभी लोग, एक बार फिर हम सभी से आग्रह कर रहे हैं कि आपका मत आपकी आवाज है, मतदान करने के लिए आगे आए। 26 अप्रैल को कोई ना भूले, कोई न छूटे सभी लोग मतदान करें, चुनाव का पर्व देश का गर्व है, यही हमारा सभी से आग्रह है। इस अवसर पर रोटरी क्लब, लायनेस क्लब, लायंस क्लब, गायत्री परिवार, जिलाअधिवक्ता संघ, एवं अन्य सामाजिक संगठनों तथा शासकीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## राज्यरानी एक्सप्रेस यथावत रखी जाये: अजय टंडन

**दमोह।** पूर्व विधायक अजय टंडन ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दमोह से चलकर भोपाल जाने वाली राज्यरानी जिसे बनारस से बनाया जा रहा है वह यथावत रखी जाये। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन दमोह जिले के लिये बहुत उपयोगी थी यदि बनारस से बनायी जायेगी तो दमोह के लोगों को बहुत परेशानी जायेगी। क्योंकि जब वह बनारस से ही पूरी ट्रेन फुल होकर आयेगी तो दमोह जिले के रहवासियों को राज्यरानी में घुसने की अथवा रिजेर्वेशन की गुंजाइश नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि दमोह बीना कटनी रूट केवल माल गाड़ियों का रूट बनकर रह गया है। पिछले कई समय से इस रूट पर कोई भी नई ट्रेन नहीं चलाई गई न ही किसी भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि द्वारा इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया। उनकी रेल प्रशासन से मांग है कि राज्यरानी एक्सप्रेस यथावत चलाई जाये। अन्यथा दमोह वासियों के साथ वह जनआंदोलन को बाध्य होगे।

## राज्यरानी बचाने आगे आए अधिवक्ता

**दमोह।** दमोह से भोपाल चलने वाली राज्यरानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को यथावत रखने के लिए दमोह जिले के 136 अधिवक्ताओं ने केंद्रीय रेल मंत्री के नाम सौयुक्त ज्ञापन पत्र लिखा ,सबकी एक ही मांग रही ,राज्यरानी एक्सप्रेस को यथावत रखा जाए,आमजनता की जनसुभिधा से छेड़ छाड़ न की जाए।

# लाखों के टायर चोरी करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**दमोह।** करीब 15 दिन पहले देहात थाना अंतर्गत गणेशपुरम के पास दुकान का शटर उखाड़कर लाखों रुपए कीमत के ट्रक के 13 नए टायर चोरी कर लिए जाने के मामले का पुलिस ने साइबर सेल की मदद से पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी किए गए टायरों के साथ वारदात में प्रयुक्त ट्रक तथा आरोपियों को ग्वालियर क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल अभय असाटी निवासी पुरानी गल्ला मंडी दमोह ने देहात थाना में रिपोर्ट लेख कराई थी कि गणेशपुरम कालोनी के बाजू में ग्राम इमलाई में माँ शारदा टायर हाउस के नाम से उसकी दुकान है। 9/10 अप्रैल 2024 की दरम्यान रात शटर उखाड़ कर दुकान में रखे ट्रक के 21 नये टायर अपोलो एवं जे.के. कंपनी के चोरी हो गए है। उक्त रिपोर्ट पर थाना दमोह देहात में 281/24 धारा 457.380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा उक्त चोरी हुए माल एवं अज्ञात आरोपीयो को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया।एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रविन्द्र बागरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर उक्त मामले की खुलासा हेतु दिनरात कड़ी मेहनत करते हुये तकनीकी, भौतिक साक्ष्यो को जोड़ते हुये सायवर सेल टीम की मदद से एक संदेही ट्रक की पहचान की गई। उक्त ट्रक के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई जो उक्त ट्रक जिला शिवपुरी का होना पाया गया। ट्रक की तस्दीक हेतु तत्काल टीम जिला शिवपुरी रवाना की गई जो उक्त ट्रक जिला शिवपुरी में पकड़ा एवं जिसमें आरोपी को सूझबूझ से पकड़कर हिकमत अमली से पूछताछ की गई। जिस पर आरोपियों द्वारा उक्त घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये टायर एवं घटना में प्रयुक्त ट्रक को जिला शिवपुरी से जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के नाम इरफान शाह पिता शब्बीर शाह उम्र 24 साल निवासी मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर। शकील पिता शम्मू शाह उम्र 36 साल निवासी मोहना थाना मोहना जिला ग्वालियर एवं सुखबिन्दर सिंह बडेच पिता हरदेव सिंह उम्र 24 साल निवासी चकसेरपुर थाना इन्डोरी जिला भिन्ड को दमोह लाकर कोर्ट में पेश किया गया है जबकि शानू खान निवासी थाना मोहना जिला ग्वालियर फरार है। आरोपियो से जप्त मशरूका में 13 नग नये टायर कुल कीमती रूपये 3 लाख 31 हजार/- वारदात में प्रयुक्त ट्रक ट्रक क्रमांक एम पी 33 एच 7221 कुल कीमत 11 लाख रूपये, आरोपियों के कब्जे से बरामद 03 एनराईड मोबाईल कीमती 35000/-कुल मशरूका 14 लाख 61 हजार रूपये जब्त किया गया है। इस मामले में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक रावेन्द्र सिह बागरी थाना प्रभारी दमोह देहात उनि. सरदार सिह, सायवर सेल से प्र.आर.353 सौरभ टण्डन प्र.आर. 280 राकेश अठया, थाना दमोह देहात से प्र.आर. 765 कामता , प्रआर 286 मुकेश दुबे, आर. 153 श्रीराम शामिल रहे।



## सीएम राइज विद्यालय जबेरा बनेगा लाइट हाउस विद्यालय



**जबेरा।** सी एम राइज जबेरा विद्यालय को लाइट हाउस विद्यालय के रूप मे चयनित होने पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल मे किया गया । जिसमे प्रमुख सचिव रश्मि ,अरुण शर्मा,आयुक्त शिल्पा गुप्ता ,संचालक डी एस कुशवाहा एवं दनायक की उपस्थिति मे 35 विद्यालयों के स्कूल लीडर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । इस कार्यशाला में सीएम राइज स्कूल जबेरा के प्राचार्य संजय बाजपेई और उपप्राचार्य अजय सिंघई द्वारा भागीदारी की गई । जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट वर्क एवं क्राफ्ट का अधिकारियों द्वारा अवलोकन कर छात्रों के कार्यो की प्रशंसा की एवं विद्यालय की सराहना की । विद्यालय के प्राचार्य ने सीएम राइज विद्यालय का लाइट हाउस विद्यालय के रूप चयन का श्रेय जिला शिक्षा अधिकारी दमोह एस के नेमा, एडीपीसी शैलेन्द्र असाटी एवं एपीसी मोहन राय को दिया । जिनके कुशल मार्ग दर्शन में ही यह सफलता प्राप्त हुई है । इस सफलता के लिए विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों और स्टॉफ को गांव के गणमान्य नागरिको द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

## मुनि श्री विमल सागर जी ससंघ का कुंडलपुर से मंगल विहार



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्यों का समागम निरंतर प्राप्त हो रहा है ।श्रद्धालु भक्त मुनि संघों आर्यिका संघों के दर्शन लाभ ले रहे हैं एवं आहारचर्या में भाग लेकर आहार दान का पुन्यार्जन कर रहे हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु भक्त बड़ी संख्या में कुंडलपुर के बड़े बाबा का दर्शन कर अभिषेक पूजन कर पुण्य संचय कर रहे हैं ।24 अप्रैल को सायंकाल विद्या समय सिंधु के दो उपसंघो का मंगल विहार कुंडलपुर की पावन धरा से हुआ। पूज्य मुनि श्री पूज्यसागर जी महाराज मुनि श्री अतुल सागर जी महाराज का मंगल विहार हुआ। दूसरा संघ पूज्य मुनि श्री विमल सागर जी महाराज ,मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज ,मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, मुनि श्री भावसागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से हुआ ।मुनि संघों का वात्सल्य मंगल मिलन होकर कुंडलपुर से प्रस्थान हुआ।

### 8 मिनिट में हल करेगें गणित के 200 सवाल

## गणित के महाकुंभ में भाग लेंगे दमोह के नन्हें विद्यार्थी

**दमोह।** डॉ. अग्रवाल स्कूल में विगत 17 वर्षों से संचालित यूसीमास, सार्थक अबेकस एकेडमी के 17 विद्यार्थी 27 अप्रैल को इन्दौर में आयोजित, 19वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इन्हें 8 मिनिट में गणित के 200 सवालों को हल करने की चुनौती रहेगी। यूसीमास, सार्थक अबेकस एकेडमी की संचालिका श्रीमति स्वाति अग्रवाल ने बताया कि ये बच्चों के मस्तिष्क विकास का कोर्स है एवं टीचर मानसी चैरसिया एवं सहायिका राधा अमुलानी ने प्रतियोगिता की तैयारी करवाई। इस प्रतियोगिता में अनुष्का जैन, देवांश सिंह ठाकुर, आर्या सोनी, प्रियांशी मिश्रा, गीत नवानी, अभय सिंह ठाकुर, ब्रह्मसागर अरोरा, रचिका जैन, आद्या डिम्हा, प्रांजल असाटी, शुभि असाटी, अमन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, श्रेयशी चैरसिया, नैवेद्य जैन, कार्तिकेय सिंह ठाकुर, जयेन्द्र प्रताप सिंह ठाकुर जाकर दमोह का गौरव बढ़ाएगें। यूसीमास की प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 6000 प्रतियोगी शामिल होंगे।

# छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया नागरिकों को संदेश



**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में आज स्थानीय घंटाघर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों ने एकत्रित होकर मानव श्रृंखला बनाई और आमजन को संदेश दिया हमें अपने संविधान के प्रति सजग रहना है और मतदान करना है, मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है और राष्ट्रीय पर्व भी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया और उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने मतदान संबंधी शपथ भी दिलाई। यह मानव श्रृंखला हृदयस्थल घंटाघर से तहसीलग्राउंड तक आयोजित की गई इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने संबोधित करते हुये कहा जितने भी 18 साल से ऊपर के लोग आए हुए हैं, उन सब से मेरा आग्रह है अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जो विद्यार्थी यहां आये हुये हैं वह अपने घर जाकर और अपने अभिभावकों, परिवार वालों से आग्रह करें कि उन सबको वोट अवश्य देना हैं। मतदान को अब 48 घंटे से भी कम समय का बचा हैं, 26 अप्रैल को मतदान प्रातः 07 बजे से शाम 06 बजे तक चलेगा। सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा ने कहा मतदान का दिन अब पास में आ चुका हैं, पिछले 01 महीने से लगातार कोशिश रही हैं कि स्वीप की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा हैं कि वे 26 अप्रैल को अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। इसी तारतम्य में आज यह मानव श्रृंखला आयोजित की गई। उन्होंने कहा अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाएं और मतदान करें। इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंर्धव, सहायक नोडल अधिकारी केपी अहिरवार,जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, डीपीसी श्री द्विवेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा धाकड़, डॉ आलोक सोनवलकर, विपिन चौबे, मोहन राय, सम्मानीय मीडियाजन सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।